**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 163 लखनऊ, गुरुवार 25 जनवरी 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने मंत्रियों को फरवरी में अयोध्या नहीं जाने की दी सलाह, जानें कारण

एजेंसी।

नई दिल्ली पीएम ने सुझाव दिया कि, भारी भीड़ और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों से अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ के कारण फिलहाल राम मंदिर जाने से परहेज करने को कहा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी। बताया गया कि आज की कैबिनेट बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को फिलहाल अयोध्या राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी। पीएम ने सुझाव दिया कि, भारी भीड़



और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने मंत्रियों से अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के उद्घाटन के बाद जनता से मिले फीडबैक के बारे में भी पूछा। वहीं, बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत में ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैबिनेट की ओर से सफल प्राणप्रतिष्ठा समारोह के लिए पीएम का आभार व्यक्त किया। सोमवार को अयोध्या मंदिर में नए रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस कार्यक्रम की अगुवाई पीएम मोदी ने की। समारोह का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया गया। अभिषेक समारोह में शीर्ष राजनेताओं, व्यापारियों, खिलाड़ियों और मशहूर हस्तियों सहित कई हजार लोगों को आमंत्रित किया गया था। अभिषेक समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद आमंत्रित लोगों ने देवता के श्दर्शनश किए। आम जनता के लिए मंदिर के दरवाजे मंगलवार सुबह खुल गए, पहले दिन करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। मंगलवार की सुबह तीन बजे से ही श्रद्धालु कतार में लग गये। मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण दर्शन को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा।

## राम मंदिर को लेकर कैबिनेट बैठक में हुई चर्चा, रक्षा मंत्री राजनाथ ने धन्यवाद प्रस्ताव किया पेश

एजेंसी।

नई दिल्ली इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर भी कैबिनेट सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। सूत्रों की मानें तो कैबिनेट बैठक में राम मंदिर के मुद्दे पर भी चर्चा हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो गया है, जहां रोजाना लाखों की संख्या में भक्त रामलला के दर्शन करने पहुंच रहे है। राम मंदिर के निर्माण के बाद बुधवार 24 जनवरी को कैबिनेट बैठक की गई। इस कैबिनेट बैठक में धन्यवाद प्रस्ताव लाया गया। इस धन्यवाद प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर भी कैबिनेट सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया है। सूत्रों की मानें तो कैबिनेट बैठक में राम मंदिर के मुद्दे पर भी चर्चा हुई है। इस दौरान प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराए जाने का जिक्र है। इस दौरान जनता के संदेश पर कैबिनेट मंत्रियों से भी उनकी राय जानी गई। वहीं सभी मंत्रियों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। जानकारी के मुताबिक राजनाथ सिंह ने कैबिनेट में मंदिर उद्घाटन को लेकर प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव भी पढ़ा था। बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा




की गई है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मंदिर के गर्भगृह में मात्र पांच लोग मौजूद थे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ही मौजूद थे। गौरतलब है कि अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद राम मंदिर बना और इसमें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इसका उद्घाटन समारोह 22 जनवरी को संपन्न हुआ है। यहां विधि विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस दौरान देश भर में दिवाली मनाई गई थी। भक्तों ने 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का दर्शन किया है।

## नश्वर्थ ब्लश्वक में हुआ हलवा समारोह का आयोजन, वित्त मंत्री हुईं शामिल, जानें इसका महत्व

एजेंसी।

नई दिल्ली बजट तैयारी की लॉक–इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है। आज से ठीक एक हफ्ते बाद, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे पांच साल के कार्यकाल का अंतिम बजट (वित्त वर्ष 2024–25 के लिए) पेश करेंगी। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह, आज केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित किया गया। बजट तैयारी की ष्लॉक–इनष प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है। आज से ठीक एक हफ्ते बाद, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे पांच साल के कार्यकाल का अंतिम बजट (वित्त वर्ष 2024–25 के लिए) पेश करेंगी। बजट श्अंतरिमश होगाय इसकी वजह अप्रैल–मई में होने वाले आगामी आम चुनाव हैं। आने वाली सरकार द्वारा इस वर्ष के अंत में पूर्ण बजट का



अनावरण किया जाएगा।भारतीयों के लिए, उत्सव का कुछ प्रकार से श्मीठाश खाने से जुड़ाव होता है और यह बात हमारी वार्षिक खाता विवरण प्रक्रिया और उस महत्वपूर्ण कार्य से जुड़े लोगों के लिए भी सच होती है। हलवा समारोह भारत में मनाई जाने वाली एक अनूठी बजट–पूर्व परंपरा है, जो केंद्रीय बजट की तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करती है। बजट बनाने की विशाल प्रक्रिया के बीच, एक परंपरा है, जिसे बजट निर्माताओं द्वारा व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है और एक मधुर संकेत और प्रशंसा के रूप में देखा जाता है। बजट से पहले वित्त मंत्रालय द्वारा एक अवसर मनाया जाता है, जिसे श्हलवा समारोहश कहा जाता है, जो बजट मुद्रण प्रक्रिया की शुरुआत का प्रतीक है। वित्त मंत्री वित्त मंत्रालय के तहखाने में हलवे के एक बड़े बर्तन को हिलाते हुए समारोह की अध्यक्षता करते हैं। इसके बाद मिठाई को बजट की तैयारी में शामिल मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को वितरित किया जाता है। हलवा समारोह प्रक्रिया हर साल, सरकार संसद में बजट पेश होने से कुछ दिन पहले हलवा समारोह आयोजित करने की इस वार्षिक परंपरा का पालन करती है। अनुष्ठान के हिस्से के रूप में, हलवा एक पारंपरिक कढ़ाई (बड़ी कड़ाही) में तैयार किया जाता है और देश के लिए बजट बनाने की प्रक्रिया में शामिल पूरे कर्मचारियों को परोसा जाता है। वित्त मंत्री मिठाई को हिलाते हैं और सहकर्मियों को परोसते हैं। यह व्यंजन प्रत्येक स्टाफ सदस्य को वितरित किया जाता है और समारोह उन लोगों के प्रयासों को मान्यता देता है और उनकी सराहना करता है जो इस प्रक्रिया का हिस्सा रहे हैं। सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक फरवरी को पेश होने वाली अंतरिम बजट में कृषि क्षेत्र की योजनाओं के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है और ऋण पर जोर दे सकती है। वित्त वर्ष 2023–24 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के चार प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं, जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का आखिरी प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा। वर्ष 2019 के आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में सरकार ने पीएम–किसान सम्मान निधि की घोषणा की थी, जिसके तहत छोटे किसानों को सालाना 6,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

## हिमंता पर राहुल गांधी का हमला जारी, बोले– चौबीसों घंटे फैलाते हैं नफरत

एजेसी

नई दिल्ली कांग्रेस नेता ने कहा कि बीजेपी अकेले नहीं लड़ती है। बीजेपी के सबसे बड़े पार्टनर अजमल हैं। उन्होंने कहा कि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। सिक्के का एक पहलू मोदी, अमित शाह और आपके सीएम हैं। सिक्के का दूसरा पहलू अजमल हैं। असम के सीएम जो भी कहते हैं, वह अजमल करते हैं।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रिमोट से नियंत्रित किया जाता है। अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि अगर सरमा राज्य के कल्याण के लिए बोलेंगे तो उन्हें ष्बाहर कर दिया जाएगाष। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के पास सरमा का रिमोट कंट्रोल है, जो असम के हित में कुछ भी बोलेंगे तो उन्हें तुरंत बाहर कर दिया जाएगा। गांधी ने एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल पर भी हमला करते हुए कहा कि उनकी पार्टी भाजपा की बी–टीम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव और असम विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों को हरा देगी। मंगलवार को, असम पुलिस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ष्हिंसा के अनियंत्रित कृत्योंष को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। कांग्रेस ने आज इसे राजनीतिक एफआईआर करार दिया। जयराम रमेश ने कहा कि सरमा प्रचार पाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कि देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री असम का है। आप का मुख्यमंत्री आपसे हर चीज में पैसे लेता है। चाहे वह– कोयला हो, चाय बगान हो, अखबार हो, टीवी हो, सड़क हो, पुल हो या पान के अंदर की सुपारी हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीजेपी अकेले नहीं लड़ती है। बीजेपी के सबसे बड़े पार्टनर अजमल हैं। उन्होंने कहा कि हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। सिक्के का एक पहलू मोदी, अमित शाह और आपके सीएम हैं। सिक्के का दूसरा पहलू अजमल हैं। असम के सीएम जो भी कहते हैं, वह अजमल करते हैं। उन्होंने कहा



कि असम में कांग्रेस पार्टी सिर्फ ठश्रच से ही नहीं, उसकी ठ टीम अजमल के खिलाफ भी लड़ रही है। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री और ठश्रच ने यहां जो नफरत की गंध फैला रखी है, हम उसे श्री श्री शंकरदेव जी के रास्ते पर चलकर मोहब्बत से मिटाएंगे। भाजपा ने हमारी यात्रा के दौरान हिंसा की, लेकिन हम हिंसा नहीं करेंगे। हिंसा को हिंसा से नहीं काटा जा सकता है, हिंसा को सिर्फ मोहब्बत से काटा जा सकता है। असम मोहब्बत और भाईचारा का प्रदेश है। राहुल ने कहा कि बीते साल हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक श्भारत जोड़ो यात्राश की। इस यात्रा का लक्ष्य भारत को जोड़ने का था। बीजेपी–आरएसएस ने देश में जो हिंसा, नफरत और डर फैला रखा है, उसे मिटाने का था। उन्होंने कहा कि जब हम कश्मीर पहुंचे तो लोगों में ये सदेश गया किश एक तरफ नफरत और हिंसा है, दूसरी तरफ मोहब्बत और भाईचारा है। श्भारत जोड़ो यात्राश का एक नारा पूरे देश में गूंजा– ष्नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी हैष। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर से महाराष्ट्र तक श्भारत जोड़ो न्याय यात्राश कर रहे हैं। इस यात्रा के दौरान हमारे साथ लाखों लोग सड़कों पर आए और कहा कि हम नफरत के खिलाफ हैं। ये नफरत और हिंसा का देश नहीं है। ये भाईचारे और अहिंसा का देश है। हम सब श्नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैंश।

## पीएम मोदी के मुरीद हुए नीतिश कुमार कांग्रेस पर निशाना, बिना नाम लिए लालू को भी लपेटा

एजेंसी।

पटना बिहार मीडिया से बातचीत करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हम लगातार कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग करते रहे थे। आखिर केंद्र सरकार ने कल रात में निर्णय लिया। इसलिए मैंने उन्हें धन्यवाद दिया। यह बहुत खुशी की बात है। कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों के लिए पिछड़ों के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक के रूप में विख्यात कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा हुई। इसके बाद से कहीं ना कहीं बिहार की राजनीति में एक बार फिर से श्रेय लेने की होड़ मच गई। इन सबके बीच जो बिल्कुल साफ तौर पर दिखाई दे रहा है वह यह है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। नीतीश बार–बार केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी का शुक्रिया कह रहे हैं। नीतीश कुमार इस ऐलान के बाद इतने खुश थे कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो पोस्ट कर दिया। पहले संदेश में उन्होंने केंद्र सरकार की तारीफ की थी और धन्यवाद



ज्ञापित किया था। हालांकि उन्होंने इसमें नरेंद्र मोदी का नाम नहीं लिया था। इसके बाद उन्होंने तुरंत उस ट्वीट को डिलीट किया और नया संदेश लिखा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेते हुए आभार व्यक्त किया। इतना ही नहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हम लगातार कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग करते रहे थे। आखिर केंद्र सरकार ने कल रात में निर्णय लिया। इसलिए मैंने उन्हें धन्यवाद दिया। यह बहुत खुशी की बात है। कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों के लिए पिछड़ों के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने शिक्षा से लेकर हर क्षेत्र में काम किया। कर्पूरी ठाकुर के जन्मशताब्दी पर आयोजित कार्यक्रम में भी नीतीश कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा की गई है। भले ही इसके पीछे का

## इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव से पहले ही दीदी ने कर दिया खेला, अब क्या होगा ?

एजेंसी।

नई दिल्ली ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देते हुए अकेले बंगाल में उतरने का ऐलान कर दिया। तो इसके ठीक बाद आप ने भी साफ तौर पर कह दिया कि वह पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अब इंडिया गठबंधन को लेकर सवाल फिर से शुरू हो गए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए बने इंडिया गठबंधन अब पूरी तरीके से दरकता हुआ दिखाई दे रहा है। यह ठीक उसी दिशा में जाता हुआ दिख रहा है जैसा भाजपा दावा करती रही है। भाजपा साफ तौर पर कह रही थी कि इस गठबंधन में जो लोग शामिल हैं, वे महत्वाकांक्षी हैं इसलिए यह चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा। फिलहाल देखें तो इंडिया गठबंधन में बिखराव की शुरुआत हो चुकी है। इसकी शुरुआत ममता बनर्जी ने कर दी है। ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका देते हुए अकेले बंगाल में उतरने का ऐलान कर दिया। तो इसके ठीक बाद आप ने भी साफ तौर पर कह दिया कि वह पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अब इंडिया गठबंधन को लेकर सवाल फिर से शुरू हो गए हैं। क्या इंडिया गठबंधन चुनाव तक स्थिर रह पाएगा, इंडिया गठबंधन का आगे क्या होगा, यह तमाम सवाल उठ रहे हैं। ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। ममता ने इसके लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर बात नहीं बन पाने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उन्हें जो भी प्रस्ताव दिया, कांग्रेस ने सभी को अस्वीकार कर दिया। बनर्जी ने कहा कि तब से, हमने बंगाल में अकेले जाने का फैसला किया है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा, ष्शिष्टाचार के नाते, उन्होंने मुझे यह भी सूचित नहीं किया कि वे बंगाल में यात्रा आयोजित करने जा रहे हैं।ष पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में हम कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेंगे, हमारा कांग्रेस के साथ कुछ भी नहीं है। डैमेज कंट्रोल करते हुए कांग्रेस ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के बिना विपक्षी गठबंधन की ष्कल्पना नहीं की जा सकतीष। जयराम रमेश ने कहा कि इंडिया ब्लॉक पश्चिम बंगाल में गठबंधन की तरह लड़ेगा और उम्मीद है कि भविष्य में टीएमसी के साथ सीट–बंटवारे की बातचीत सफल होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने साफ कहा कि ममता और टीएमसी भारत गठबंधन के बहुत मजबूत स्तंभ हैं। हम ममता जी के बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं कर सकते। भाजपा के अमित मालविया ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अकेले लड़ने का ममता बनर्जी का फैसला हताशा का संकेत है। अपनी राजनीतिक जमीन बरकरार रखने में असमर्थ, वह सभी सीटों पर लड़ना चाहती है, इस उम्मीद में कि चुनाव के बाद भी वह प्रासंगिक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से बाहर निकलने के लिए जमीन तैयार कर रही थीं। लेकिन तथ्य यह है कि राहुल गांधी के बंगाल में सर्कस आने से ठीक पहले उनकी अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा आई.एन.डी.आई. गठबंधन के लिए एक मौत की घंटी है। ममता की दूरी के कारण बताया जा रहा है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को दो से ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं थीं। 2019 के चुनाव में बंगाल में कांग्रेस ने सिर्फ दो सीटों पर ही जीत हासिल की थी। हालांकि, कांग्रेस पश्चिम बंगाल में ज्यादा सीटों की उम्मीद कर रही है। इतना ही नहीं,



ममता बनर्जी के खिलाफ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेता अधीर रंजन चौधरी लगातार बयान देते रहे हैं। वे ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल उठाते रहे हैं। यह ममता बनर्जी को बिल्कुल भी रास नहीं आ रहा था। सूत्र दावा कर रहे हैं की ममता बनर्जी ने कांग्रेस आलाकमान को इसकी शिकायत भी की थी। लेकिन उनकी ओर से कुछ नहीं किया गया। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी इस बात से भी नाराज थीं कि इंडिया गठबंधन में कम्युनिस्ट पार्टी का बोलबाला है। ममता बनर्जी ने

बंगाल में सत्ता हासिल किया है। राजनीतिक पंडितों की ओर से दावा किया जा रहा है कि इंडिया गठबंधन को कांग्रेस के घमंडियां रुख ने ले डूबा। कांग्रेस बड़ा दिल दिखाने की बात करती है लेकिन अभी भी बिग ब्रदर जैसा बर्ताव कर रही है। ममता और आप ऐसे दो दल हैं जो इंडिया गठबंधन में बड़ी भूमिका रखते हैं। ऐसे में इन दोनों के इस दावे के बाद इंडिया गठबंधन की नींव कमजोर हो सकती है। राजनीतिक विश्लेषक यह भी दावा कर रहे हैं कि इंडिया गठबंधन एक राजनीतिक जुगाड़

# संपादकीय

## वार्मिंग में इतनी ठंड!

जब कभी असामान्य ठंड पड़ती है, तो लोग इस सवाल पर बात करने लगते हैं कि आखिर जब चर्चा ग्लोबल वॉर्मिंग यानी धरती का तापमान बढने की है, तो उस समय इतनी ठंड क्यों पड़ रही है। जबकि इसमें हैरत की कोई बात नहीं है।

उत्तर–मध्य भारत में इस बार ठंड देर से पड़ी, लेकिन खूब जोरदार पड़ी है। ये दोनों स्थितियां असामान्य हैं। उसी समय जम्मू–कश्मीर में लोग बर्फबारी के तरस कर रह गए हैं। यह भी एक असामान्य स्थिति है। ऐसे असामान्य हालात का अक्सर दुनिया को सामना करना पड़ रहा है। बहरहाल, जब कभी किसी क्षेत्र में असामान्य ठंड पड़ती है, तो लोग इस सवाल पर बात करने लगते हैं कि आखिर जब चर्चा ग्लोबल वॉर्मिंग यानी धरती का तापमान बढने की है, तो उस समय इतनी ठंड क्यों पड़ रही है। जबकि इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। ऐसा होना भी असल में जलवायु परिवर्तन का ही एक हिस्सा है। यह तो आम जानकारी है कि जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वॉर्मिंग का परिणाम है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन (डब्लूडब्लूए) का एक ताजा विश्लेषण इस सवाल को समझने के लिए लिहाज से महत्त्वपूर्ण है। डब्लूडब्लूए वैज्ञानिक संगठनों का एक समूह है। उसने 2023 में आई एक दर्जन से ज्यादा आपदाओं का विश्लेषण किया। उसकी रिपोर्ट में वैज्ञानिक साक्ष्य की मदद से बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन से होने वाला उत्सर्जन किस तरह से तूफान, सूखा, जंगल की आग और गर्म लहरों को विनाशकारी बना रहा है। 2023 में जीवाश्म ईंधन से होने वाला उत्सर्जन चरम पर था। इसका परिणाम असाधारण बारिश और सामान्य से ज्यादा ठंड के रूप में भी सामने आया है। मतलब यह कि ग्लोबल वॉर्मिंग से जलवायु बदल रहा है। इस कारण बेमौसमी घटनाएं आम होती जा रही हैं। इससे यह अनुमान लगाना कठिन हो गया है कि कब बारिश होगी, कब ठंड पड़ेगी और कब गरमी का सामना करना होगा। ये बेमौसमी घटनाएं असाधारण रूप से मारक और तीव्र होने लगी हैं। फिर भी दुनिया सबक नहीं ले रही है। दुनिया में कार्बन उत्सर्जन की मौजूदा स्थिति के हिसाब से संयुक्त राष्ट्र ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की। उससे पता चला है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से वर्ष 2100 तक वैश्विक तापमान पूर्व–औद्योगिक स्तर की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस तक बढने की आशंका है। जबकि वैज्ञानिक पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि 1.5 डिग्री से ज्यादा तापमान बढना खतरनाक है।

## हाथ से फिसलती डोर

बेंजामिन नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर अनेक गंभीर सवाल पूछे जाएंगे।

फिलस्तीनियों के खिलाफ युद्ध ना रोकने की जिद अब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भारी पडने लगी है। सभी तरफ यह अहसास गहरा चुका है कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेतन्याहू युद्ध को लंबा खिंच रहे हैं। नेतन्याहू को मालूम है कि जब युद्ध ठहर जाएगा, तब इजराइल के अंदर उनसे सात अक्टूबर 2023 को हुई सुरक्षा चूक और गजा में अंधाधुंध सैनिक कार्रवाई की उनकी रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पूछे जाएंगे। जब युद्ध शुरू हुआ, तब नेतन्याहू कथित न्यायिक सुधारों को लेकर देश में घिरे हुए थे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित कानून को रद्द कर दिया। इससे उनकी राजनीतिक स्थिति और कमजोर हो गई है। इस बीच बिना किसी सैनिक उद्देश्य गजा में कत्ल–ए–आम जारी रखने की उनकी रणनीति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गजा में 25 हजार से अधिक फिलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमे आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं। 62 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहां की 85 प्रतिशत आबादी बेघर हो चुकी है।

इसलिए भले ही दिखावटी तौर पर, लेकिन अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन को भी अब संकेत देना पड़ रहा है कि वह गजा में इजराइली कार्रवाई रोकना चाहता है। इस बीच यूरोपियन यूनियन ने एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसके लिए तैयार एजेंडे में सदस्य देशों से यह कहा गया है कि वे नेतन्याहू को यह संदेश दें कि फिलस्तीनियों के लिए अलग संप्रभु राज्य के गठन के लिए तैयार नहीं होने पर उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दक्षिण अफ्रीका की याचिका पर हुई कार्यवाही पहले ही इजराइल और उसके समर्थक देशों की छवि को बेहद मलीन कर चुकी है। उधर एक अमेरिकी अखबार के मुताबिक इजराइल में अब उद्विग्नता का माहौल है। सैन्य विशेषज्ञ यह दो टूक कह रहे हैं कि हमास को जड़ से उखाडने की नेतन्याहू की घोषणाएं दिवास्वप्न हैं। इसी माहौल का परिणाम बीते सप्ताहांत देखने को मिला, जब हजारों इजराइली नेतन्याहू विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए सड़कों पर उतर आए। यह नेतन्याहू के हाथ से डोर फिसलने का ठोस संकेत है।

## धर्म सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा

कोई कुछ भी कहे अगले लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से हिंदुत्व और खासतौर से राममंदिर सबसे बड़ा मुद्दा होने जा रहा है। कुछ समय पहले तक राजनीतिक रूप से राममंदिर का मुद्दा समाप्त मान लिया गया था। लेकिन उस समाप्त हो चुके मुद्दे को भाजपा ने फिर से जिंदा कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का जैसा भव्य आयोजन हुआ है और कार्यक्रम के हर फ्रेम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जैसी मौजूदगी रही है उसके बाद कोई संदेह नहीं रह गया है कि यह अगले चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा होने वाला है। चुनाव की घोषणा से पहले पूरे देश और पूरी दुनिया को राममय करने का विशाल अभियान चुनाव को ध्यान में रख कर ही चलाया गया था। प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरा देश उत्सव के माहौल में था और अगले तीन महीने इस माहौल की तीव्रता कम नहीं होने दी जाएगी।

अयोध्या में राममंदिर को लेकर कांग्रेस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत पीवी नरसिंह राव की दो बातें मिथक की तरह प्रसिद्ध हैं। उन्होंने अपने दक्षिणपंथी विचारों का बचाव करते हुए किसी नेता से कहा था कि कांग्रेस भाजपा से तो लड़ सकती है लेकिन भगवान राम से कैसे लड़ सकती है। उनकी दूसरी बात यह है कि वे मानते थे कि विवादित ढांचा टूट जाने के बाद अयोध्या का मामला समाप्त हो जाएगा। उनका दावा था कि 1992 में बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा टूटने के बाद अयोध्या का मामला भाजपा के हाथ से निकल गया है। यह बात पूरी तरह से सही नहीं साबित हुई। क्योंकि उसके बाद भाजपा 1991 के 89 सीटों से 1996 में 161 सीटों पर पहुंच गई और उसके बाद 1999 और 2004 के चुनावों में 183 सीटों पर रही।

अब अब उसके 20 साल बाद राममंदिर एक बार फिर चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा बनता दिख रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी ने अपने दो चुनावों में इसे मुद्दा नहीं बनाया था। उनका पहला चुनाव यानी 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस सरकार की एंटी इन्कम्बैंसी पर था। हिंदुत्व का अंडरकरंट भी था क्योंकि 2002 के गुजरात दंगों के बाद से नरेंद्र मोदी खुद कट्टपंथी हिंदुत्व का प्रतीक चेहरा बन कर उभरे थे। लेकिन प्रचार की थीम मोटे तौर पर महंगाई, भ्रष्टाचार और कमजोर नेतृत्व पर थी।

# सबके राम, सबमें राम’ की भावना को स्थापित करने से बनेगा ‘एक भारत-श्रेष्ठ भारत’

राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला विराजे और तमाम आँखें सजल हो उठीं। ये आँसू यूं ही नहीं आए थे। ये भारत की लगातार आहत होती सभ्यता को एक सुनहरे पल में प्रवेश करते देखकर भर आई आँखें थीं। अयोध्या को इस तरह देखना विरल है। यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही। अयोध्या के दर्द को समझिए कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी। बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा–अर्चना करके आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम् को जोड़ा। वे दीन–दुखियों के, जीवन जीने के लिए संघर्ष करती आम जनता के पहले और अंतिम सहायक हैं। रामचरित मानस और हनुमान चालीसा की पंक्तियों को दोहराते हुए यह संघर्षरत समाज राम के सहारे ही अपनी जीवनयात्रा को सरल बनाता रहा है। बावजूद इसके आजादी के बाद भी सबको मुक्त करने वाले नायक को मुक्ति नहीं मिली। लंबे समय तक तो वो ताले में बंद रहे। अखंड कीर्तन चलता रहा। किंतु राहें आसान नहीं थीं। अयोध्या आंदोलन की यादें आपको सिहरा देंगीं। 1990 और 1992 की यादें एक गहरी कड़वाहट घोल जाती हैं। राजनीति किस तरह आसान मुद्दों को भी जटिल बनाती है। इसकी कहानी अयोध्या आज भी बताती है। अयोध्या अब अपने सदियों के दर्द से मुक्त मुस्करा रही है। धैर्य, सहनशीलता और धर्म की जंग थी यह दुनिया के किसी पंथ, संप्रदाय के महानायक के साथ यह होता तो क्या होता? सोचकर भी सिहरन होती है। किंतु भारत में यह हुआ और हिंदू समाज के अपार धैर्य, सहनशीलता की कथा फिर से दोहराई गयी। एक साधारण मंदिर नहीं अपने राष्ट्रपुरूष, राष्ट्रनायक की जन्मभूमि के लिए भी लंबा अहिंसक संघर्ष सड़क से लेकर अदालतों तक चलता रहा। सही मायने में 22 जनवरी का दिन हमारे राष्ट्रजीवन में 15 अगस्त,1947 से कम महत्त्पूर्ण नहीं है। क्योंकि 15 अगस्त के दिन हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी तो 22 जनवरी को हम सांस्कृतिक, वैचारिक दासता और दीनता से मुक्त हो रहे हैं। यह भारत की चिति को प्रसन्न करने का क्षण है। यह आत्मदैन्य से मुक्ति का क्षण है। यह क्षण अप्रतिम है। वर्णनातीत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर स्व. राजीव गांधी (अपनी अयोध्या यात्रा में) तक रामराज्य लाने की बात करते हैं। किंतु उस यात्रा की ओर पहला कदम आजादी के अमृतकाल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। इसलिए सारा देश उनके साथ खड़ा है। कांग्रेस नेता श्री प्रमोद कृष्णन ने सत्य ही कहा है कि यदि श्री मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो मंदिर निर्माण संभव नहीं होता। नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं मोदी रामलला का 496 वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि पर पुनःस्थापित होना सबको भावविह्वल कर गया। दुनिया भर में बसे 100 करोड़ से ज्यादा हिंदुओं और भारतवंशियों के लिए यह गौरव का क्षण था। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत जी ने किसी तरह का राजनीतिक संवाद न करते हुए जो बातें कहीं वो भविष्य के भारत की आधारशिला बनेंगीं। संघ प्रमुख ने रामराज्य की अवधारणा को व्याख्यायित करते हुए भविष्य के कर्तव्य पथ की चर्चा की। उनका कहना था– ”आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौट आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत खड़ा होकर रहेगा। उसका प्रतीक यह कार्यक्रम बन गया है।“ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर साफ कहा कि– ”राम आग नहीं ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम विजय नहीं विनय हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं।“ यह बात बताती है कि माननीय प्रधानमंत्री एक नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं। नया भारत बनाने और उसमें एक जीवंत ऊर्जा का संचार करने के लिए प्रधानमंत्री ने न सिर्फ रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए 11 दिनों का व्रत विधानपूर्वक बिना ठोस भोजन लिए पूर्ण किया, बल्कि उनकी विराट सोच ने इस आयोजन को और भी अधिक भव्य और सरोकारी बना दिया। देश के विविध क्षेत्रों की माननीय प्रतिभाओं को एक स्थान पर एकत्र कर राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। राजनीति से परे हटकर इस घटना का विश्लेषण करना ही इसे सही अर्थ में समझना होगा। तभी हम भारत और उसकी महान जनता के मन में रमे राम को समझ पाएंगें। ‘सबके राम–सबमें राम’की भावना स्थापित कर हम राममंदिर को राष्ट्रमंदिर में बदल सकते हैं। जिससे मिलने वाली ऊर्जा दिलों को जोड़ने, मनों को जोड़ने का काम करेगी। यह अवसर भारत का भारत से परिचय कराने का भी है। जनमानस में आई आध्यात्मिक और नैतिक चेतना को देखकर लगता है कि भारत की एक नई यात्रा प्रारंभ हुई है, जो चलती रहेगी बिना रूके, बिना थके। डॉ. शिवओम अंबर ने लिखा है– राम हमारा कर्म, हमारा धर्म, हमारी गति है। राम हमारी शक्ति, हमारी भक्ति, हमारी मति है। बिना राम के आदर्शों का चरमोत्कर्ष कहां है? बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है? – प्रो. संजय द्विवेदी

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज आपको धन लाभ के अनेक अवसर प्राप्त होंगे। आज दोस्तों के साथ ट्रिप का प्लान कर सकते हैं। ऑफिस का कोई महत्वपूर्ण कार्य करने में आज बिजी रहेंगे। ट्रांसफर के लिए परेशान लोगों को पसंदीदा जगह ट्रांसफर की खुशखबरी मिलेगी। किसी अनजान की हेल्प करके आप अपने आप को कुछ बेहतर फील महसूस करेंगे। शुभ रंग– भूरा शुभ अंक– 6

वृष राशि–आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढ़ेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आयेंगे। किसी से लिया ऋण आज वापस करेंगे। आज आपकी परेशानियां कम होंगी आपका मन हल्का होगा। लवमेट आज डिनर पर जाएंगे। शुभ रंग– गुलाबी शुभ अंक– 4

मिथुन राशि– आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी। इंजीनिरिंग के छात्रों को आगे बढने के मौके मिलेंगे। आज कोई महत्वपूर्ण प्रैक्टिकल को पूरा करने में छात्र व्यस्त रहेंगे। आज जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। शुभ रंग– पीला शुभ अंक– 1

कर्क राशि– आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। आज आप अपनी किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमे आपको सेलेक्ट कर लिया जायेगा। कोई नया बिजनेस स्टार्ट करने से पहले किसी अनुभवी से सलाह लेंगे जिससे आपका बिजनेस अच्छे से चले। पुस्तकालय के कारोबारी नयी ब्रांच खोलने का मन बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में एक–दूसरे को अच्छे से समझेंगे। आज अपने निर्णय में परिवार की सलाह लेंगे। आज अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान जरूर देना होगा। शुभ रंग– सिल्वर शुभ अंक– 2

सिंह राशि–आज आपका दिन मिला–जुला रहने वाला है। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के बेहतर परिणाम हासिल होंगे। दांपत्य जीवन में खुशी का माहौल बनेगा। धार्मिक कार्यों में आज आप धन खर्च करेंगे। साथ ही किसी धार्मिक अनुष्ठान में जाने का मौका मिल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज जरूरत से ज्यादा खर्चों पर रोंक लगाना चाहिए। विद्यार्थी अपने रुके काम को पूरा कर सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप फिट रहेंगे। शुभ रंग– पिच शुभ अंक– 9

कन्या राशि– आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लागाव बढ़ेगा। आज रुके कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए आप किसी अच्छी कंसलटेंट टीम से बातचीत करेंगे। लवमेट शाम को डिनर साथ में करेंगे, जिससे उनके बीच में और ज्यादा प्रेम बढ़ेगा। शुभ रंग– गोल्डन शुभ अंक– 7

तुला राशि–आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है आज जीवनसाथी को उनके मनपसंद चीजों की शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता–पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के छात्रों को प्रतियोगी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। शुभ रंग– नीला शुभ अंक– 6

वृश्चिक राशि– आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरू करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रूचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुंचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी और सेहत पर असर पड़ सकता है। आज आपके दोस्त आपसे मुलाकात करने घर आ सकते हैं। शुभ रंग– ग्रे शुभ अंक– 9

धनु राशि– आज के दिन आप महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोंचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुडी अच्छी खबर मिल सकती है। आज आपको सभी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। लवमेट की आज फोन पर देर तक बात होगी। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त बना रहेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। शुभ रंग– नारंगी शुभ अंक– 4

मकर राशि– आज आपका दिन बढिया रहेगा। प्रतियोगी परिक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द ही अच्छे परिणाम हासिल होंगे। ऑफिस में फोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि खराब हो सकती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर से चेक कराएंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करके समय बिताएंगे। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों का पद बढ़ेगा। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। शुभ रंग– मैजेंटा शुभ अंक– 5

कुंभ राशि–आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा। आज आप अपनी माता की मनपसंद चीज लाकर गिफ्ट देंगे। बुजुर्गों का आज दान पुण्य के कार्यों में मन लगेगा। अपनी कोई बात जो आप अपने परिवार के साथ शेयर करेंगे। शुभ रंग– पीला शुभ अंक– 4

मीन राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी। आज बेटे का कोई रिजल्ट आ सकता है, रिजल्ट आपके पक्ष में होगा। आज आपके शत्रु परास्त्र होंगे। आज किसी कार्य में आपके विरोधी आपकी सलाह मांगेंगे।

# नरेंद्र मोदी का सर्वकालिक क्षण!

हरिशंकर व्यास

अयोध्या की पांच अगस्त 2020 की तारीख और 22 जनवरी 2022 में क्या फर्क है? तब राम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन था। आज मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा है। और संभव है दो–तीन साल बाद मंदिर के शिखर निर्माण पर कलश और ध्वज स्थापना का 5 अगस्त और 22 जनवरी से भी कई गुना अधिक भव्य आयोजन हो और तब वह क्या नरेंद्र मोदी का नंबर एक सर्वकालिक क्षणनहीं होगा?आखिर मंदिर की पूर्णता तभी है जब वह शिखर और ध्वजाधारी हो। धर्मशास्त्रों में लिखा हुआ हैं शिखर दर्शनम पाप नाशम। जितना प्रतिमा दर्शन से पुण्य मिलता है उतना ही शिखर दर्शन से होता है। कलश मंगल व पूर्णता का प्रतीक हैं और ध्वजा आस्था की पुण्यदायी पताका। धर्मशास्त्र व्याख्यों से जैन धर्मावलंबियों में मंदिर (जिनालय) की ध्वजा की मान्यता गजब है। हां, माना जाता है कि मंदिर में हो रही भक्ति–भजन–मंत्रोच्चारण,पूजा आदि की शब्द वर्गणा ऊपर की ओर ध्वजा से सर्वत्र हवाओं को स्पर्शित होकर व्याप्त होती है।वह हवा जहां–जहां जाती है, वहां–वहां का वातावरण शुद्ध, शांत, सात्विक, धार्मिक होता जाता है। इसलिए शिखर, उस पर कलश और ध्वजा के बिना मंदिर अपूर्ण है। मंदिर का शिखर है जो प्रकृतिसे विशुद्ध परमाणुओं को संग्रहीत कर मंदिर में नीचे पहुंचते हैं, जिससे मंदिर का वातावरण शुद्ध बना रहता है। धर्मशास्त्र की इन बातों की कसौटी में जाहिर है राममंदिर अभी अपूर्ण है। इस सत्य से सभी आस्थावान हिंदू, संघ, भाजपा और धर्माचार्य परिचित है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी होंगे। इसलिए तय माने प्रधानमंत्री मोदी अपने हाथों आगे शिखर, कलश और ध्वजारोहण का कार्यक्रम बनाए हुए होंगे। फिर आस्थावान हिंदू सिर्फ रामजी की मूर्ति के दर्शन के अभस्यत नहीं है। हमारे सभी परिवारों में पूजा पाठ राम–सीता और रामदरबार के फोटो से होता है तो अयोध्या और उसके केंद्रीय मंदिर में देरसबेर इसका आयोजन,निर्माण भी होना है। तभी आज के सिलसिले में विचारणीय पहलू है कि अयोध्या में नरेंद्र मोदी के आज के दिन को उनका को सर्वकालिक क्षण माने? मेरे लिए यह मसला इसलिए है क्योंकि मैंने 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन पर लिखा था– श्नरेंद्र मोदी का सर्वकालिक क्षण!ष्

सो आप ही सोचे आज के दिन की तस्वीरों में,मेरे उस समय लिखे इन वाक्यों पर दृ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच अगस्त 2020 को वह किया, जिसे हिंदू शायद ही कभी भुला पाएं। हिंदू मन कैसा भी हो, वह नरेंद्र मोदी के अयोध्या के फोटो शूट को कभी नहीं भुला पाएगा। उनके भाग्य में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भूमि पूजन था, इसे शायद रामजी ने भी नहीं सोचा होगा। अब नरेंद्र मोदी भाग्य लिखा कर लाए हैं तो लाए हैं! किसी की किस्मत से कोई नहीं लड़ सकता है फिर भले वह कितना ही महाबली हो। मोदी के भाग्य के इन क्षणों को देखने से मैं अपने को नहीं रोक सका। मैं और मेरा दिमाग दसियों तरह से, दसियों साल अयोध्या व हिंदुओं पर सोचना रहा है लेकिन कल्पना नहीं थी कि नरेंद्र मोदी के हाथों, बतौर भारत के प्रधानमंत्री, मंदिर निर्माण का भूमि पूजन होगा। इसे क्या कहें? कैसी है हिंदुओं के भगवान, रामजी की लीला? नरेंद्र मोदी के भाग्य, उनके खाते में ही वह प्रारब्ध क्यों, जिसके लिए हिंदुओं ने सदियों आंसू बहाए। संघर्ष, उसके आंदोलन, आंदोलनों के चेहरों को भूलें मगर उस वेदना, उस पीड़ा, उस जलालत को याद करें, जिसकी टीस में हिंदू सदियों रोते रहे। मैं हिंदुओं को दुनिया का सर्वाधिक अभागा इसलिए मानता हूं क्योंकि धर्म, उसके जीने के सनातनी अंदाज की अक्षुण्णता रही लेकिन वह इतना आत्माभिमानी भी नहीं हुआ, जो अपने इष्ट के आदि स्थानों, आदि मंदिरों की रक्षा कर सके। धर्म, कौम, सभ्यता–संस्कृति और देश की मूर्तियों, इमाम–ए–हिंद के देवालयों में दीये जलाता रह सके!

क्या हैं शिव, क्या हैं राम और क्या हैं कृष्ण के फलसफे को भारत के राजे–रजवाड़ों, श्रेष्ठि हिंदूजनों ने, वक्त की हवा में बहने वाली उम्र ने नहीं समझा है और न ये अब भी समझे हुए हैं लेकिन उस इस्लाम और उसके बंदों ने जरूर समझा, जिनको समझते हुए सोमनाथ से ले कर अयोध्या के मंदिरों को बार–बार तोडने की जरूरत हुई। हिंदू या तो रोते–बिलखते रहे या तुलसी की अमूर्त साधना में रामायण की चौपाईयां पढ़ते रहे। उससे मन–मंदिर में प्राणवायु पाते रहे। लेकिन आक्रांताओं, हमलावरों, उनके दरबारियों, मुस्लिम शायरों को बार–बार लगातार अहसास होता रहा कि राम हिंद का सत्य हैं। जैसे शलबरेज है शराबे–हकीकध्त से जामे–हिन्द्य, तो श्सब फल्सफी हैं खित्ता–ए–मगरिब के रामे हिन्द्य और श्है राम के वजूद पे हिन्दोस्तां को नाज। इसलिए श्अहल–ए–नजर समझते हैं उस को इमाम–ए–हिंद्य।

ऊपर की पंक्तियां पाकिस्तान की जरूरत में उसके दर्शन की शायरी करने वाले अल्लामा इकबाल की लिखी हुई हैं। सोचें, उन्होंने हिंदुस्तान की हकीकत में जो जाना हुआ था वह लिखा। वे जानते थे राम हिंद का सत्य, सत्य का प्याला, पूरब का चिंतक, हिंद के अस्तित्व की वजह हैं। शायद इस हकीकत की रूबरू में उनका बाद में ख्याल बना होगा कि राम जहां इमामे हिंद हैं उसमें मुसलमान कैसे रहेंगे!

मुद्दा श्इमामे हिंद्य और श्राम के वजूद पे उस हिन्दोस्तां का है, जिसका मन–मन, कण–कण यदि हजार साल के अनुभवों में घायल है और दर्द, पीड़ा, वेदना में जीवन जीता हुआ है तो वह उससे उबरने का प्रयास करे या नहीं? कई सुधीजन कहते हैं राम विचार हैं, राम मर्यादा हैं, राम जीवन दर्शन हैं तो हिंदू उनको जैसे पहले स्मरण करते हुए जी रहे थे, मर्यादा में रह रहे थे वैसे क्यों नहीं रह सकते? वैसे ही रहना चाहिए, क्या जरूरत है मंदिर की? मस्जिद का ध्वंस करके मंदिर बनाने की? इकबाल जैसे इस्लाम के बंदे ने जब लिख दिया है कि कुछ भी हो जाए इनकी हस्ती मिट नहीं सकती और राम बने रहेंगे इमाम–ए–हिंद तो फिर मंदिर बने न बने क्या फर्क पड़ता है!

अब क्या कहा जाए! ऐसा सोचने वाले भूलते हैं कि इंसान और उसकी हर कौम धड़कता दिल लिए हुए है, वह इतिहास की स्मृतियां लिए हुए होती है। वह कैसे अपने मन की टीस, अपनी पीड़ा, वेदना से निरपेक्ष रहे? संभव ही नहीं। तभी दुनिया की हर समझदार, बुद्धिमना, हिम्मती कौम और देश ने वक्त बदलते ही इतिहास की गलतियों को सुधारा है। इतिहास के घावों को भरने वाले स्मारक बनाए हैं। वह न तो बदला लेना था, न बेहूदगी, मूर्खता है और न जंगलीपना या बहुसंख्यकवाद की दादागिरी।

सोचें, 15 अगस्त 1947 के बाद अयोध्या में बाबरी मस्जिद क्या थी? सिर्फ एक ढांचा। वहां न नमाज पढ़ी जाती थी और न आबाद थी।लेकिन पूरे इलाके, पूरे देश में वह उस जन्मस्थान के रूप में जाना जाता था, जिसे स्वतंत्रता के बाद उनहिंदुओं को पुनरूत्थान की उम्मीद थी। ऐसे ही सोमनाथ में क्या था, मंदिर विध्वंस के खंडहर। वाराणसी में खंडहर–मस्जिद की छाया में शिवमंदिर जिस अवस्था में था (मुझे ध्यान नहीं तब मथुरा में क्या स्थिति थी) उसमें हिंदू टीस अनुसार वहां क्यों नहीं मंदिर निर्माण होने चाहिए थे? मंदिर विध्वंस के खंडहर बनवाए रख कर नई व्यवस्था ने सौहार्द बनवाई या भविष्य का अखाड़ा? पटेल–नेहरू ने समझदारी दिखाई जो सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया। वैसा काम अयोध्या में भी हो सकता था। लेकिन नेहरू की, कांग्रेस की लापरवाही थी जो इमाम–ए–हिंद और उनकी अयोध्या की अनदेखी हुई और भविष्य के अखाड़े, राजनीतिकरण की संभावनाओं में उसे लावारिस रहने दिया। हालांकि तब कांग्रेस में भी गुपचुप टीस थी कि यह सब ठीक किया जाए। यदि फैजाबाद में एक आईसीएस अफसर ने बाबरी मस्जिद ढांचे के बीच रामलला की मूर्ति रखने दी और गोविंद वल्लभ पंत, नेहरू ने हटवाने की जिद्द नहीं की तो इसके पीछे इनके दिमाग में इतिहास और वक्त की हकीकत क्या जिम्मेवार वजह नहीं थी? मैं लगातार लिखता रहा हूं कि देश का बंटवारा हिंदू बनाम इस्लाम के धर्म आधार पर जब हुआ तो जो भारत बना वह बुनियादी तौर पर हिंदू आंकाक्षाओं को लिए हुआ था। वह गांधी के रामराज्य के लिए था, पंडित नेहरू की उन कल्पनाओं के लिए था, जिससे हिंदुओं को आधुनिक, गौरवपूर्ण, सुसंस्कृत बनाना था। हिंदुस्तान हिंदुओं के लिए विचार यदि नहीं होता तो नेहरू–गांधी दोनों को मोहम्मद अली जिन्ना को प्रधानमंत्री मानने में भला क्यों ऐतराज होता!

मैं भटक गया हूं। मूल बात पर लौटें कि नरेंद्र मोदी का भाग्य है, जो वे सदियों के संघर्ष, हिंदुओं की टीस और असंख्य–लाखों लाख लोगों के प्रण, संकल्प, इच्छा के प्रतीक के तौर पर पांच अगस्त 2020 को अयोध्या में भूमिपूजा के अधिष्ठाता, यजमान बने। ऐसा होना उनके प्रधानमंत्री होने से है। यह हिंदुओं का गौरव है तो हिंदुओं की उपलब्धि है। भाग्य है उनका जो पांच अगस्त 2020 के दिन उनका वह इतिहासजन्य फोटोशूट हुआ, जिसे आम हिंदू

# पुजारा–रहाणे की अनदेखी पर रोहित शर्मा का बयान, कहा– युवाओं को ज्यादा मौके देने होंगे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों का टेस्ट कैरियर लगभग खत्म माना जा सकता है। क्योंकि फोकस युवाओं को अधिक मौके देने पर है। उन्होंने हालांकि कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर रखने का फैसला आसान नहीं था। बुधवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों का टेस्ट कैरियर लगभग खत्म माना जा सकता है। क्योंकि फोकस युवाओं को अधिक मौके देने पर है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में विराट कोहली के बाहर रहने के फैसले के बाद संभावना जताई जा रही थी कि पुजारा या रहाणे को मौका दिया जायेगा लेकिन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति पीछे मुड़कर देखने के मूड में नहीं है। कोहली की जगह रजत पाटीदार को मौका दिया गया। रोहित ने पहले टेस्ट से पूर्व इस फैसले के बारे में कहा ,'' हमने सीनियर खिलाड़ियों को लाने के बारे में सोचा लेकिन फिर युवा खिलाड़ियों को मौके कब मिलेंगे। हमने इस बारे में भी सोचा।'' उन्होंने हालांकि कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर रखने का फैसला आसान नहीं था। रहाणे ने आखिरी बार भारत के लिये 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला था जबकि पुजारा को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप फाइनल के बाद बाहर किया गया। रोहित ने कहा कि, सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने का फैसला आसान नहीं होता। उन्होंने इतने रन बनाये हैं, इतने मैच जिताये हैं और उनके पास इतना अनुभव है कि उसे अनदेखा




करना मुश्किल होता है।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन कई बार आपको नये खिलाड़ियों को मौका देना होता है। उन्हें अनुकूल हालात में मौका देने के बाद ही विदेशी सरजमीं पर उतारा जाना चाहिये। मुझे लगता है कि युवाओं को मौके देना महत्वपूर्ण है।'' पाटीदार ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अहमदाबाद में अनधिकृत टेस्ट में भारत ए के लिये 151 रन बनाये और दो दिवसीय अभ्यास मैच में 111 रन की पारी खेली। घरेलू क्रिकेट में भी उन्होंने काफी रन बनाये हैं। रोहित ने यह भी कहा कि, किसी के लिये दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। फिट रहने और रन बनाने पर किसी को भी मौका मिल सकता है।'' निश्चित तौर पर टीम प्रबंधन के जेहन में अनुभवी खिलाड़ियों की उम्र भी होगी। रोहित (36), कोहली (35) , आर अश्विन (37) और रविंद्र जडेजा (35) कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं।

# भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने घोषित की पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग 11, इन 3 स्पिनर को मिला मौका

पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में खेला जाएगा। जबकि इंग्लैंड टीम ने बुधवार को हैदराबाद में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में तीन स्पिनर्स और एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है। भारत और इंग्लैंड के बीच 25 जनवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने वाला है। पहला टेस्ट हैदराबाद में खेला जाएगा। जबकि इंग्लैंड टीम ने बुधवार को हैदराबाद में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में तीन स्पिनर्स और एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है। लंकाशायर के टॉम हार्टले इस टेस्ट मुकाबले से अपना डेब्यू करेंगे। बेन स्टोक्स की



अगुवाई वाली टीम में 3 स्पिनर्स को मौका मिला है। रेहान अहमद, जैक लीच और टॉम हार्टले स्पिन की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, बेन स्टोक्स पहले ही कह चुके हैं कि वह मैच में कम पेसर्स के साथ उतरेंगे। इसलिए तेज गेंदबाज के रूप में उन्होंने सिर्फ मार्क वुड को ही टीम में जगह दी है। इंग्लैंड ने बेन फॉक्स को भी टीम में जगह दी है। यानी वह टीम के लिए बतौर विकेटकीपर खेलेंगे और जॉनी बेयरस्टो टीम में एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। टीम में जो रुट भी शामिल हैं। रुट से टीम इंडिया को सावधान रहने की जरूरत होगी। वहीं इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन के बाद अब फैंस भारत की प्लेइंग इलेवन का इतंजार कर रहे हैं। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रुट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टल, मार्क वुड, जैक लीच।

# किसान पिता ने बेटे को क्रिकेटर बनाने के लिए जमीन बेची, अब वर्ल्ड कप में मचा रहा तहलका

भारतीय टीम के आदर्श सिंह अपने बल्लेबाजी के कारण सुर्खियों में हैं। बता दें कि, आदर्श सिंह मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले हैं। उनके पिता किसान हैं वही बचपन से आदर्श के क्रिकेट को लेकर जुनून को देखते हुए उन्हें शुरुआत से क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट सिखाया। इन दिनों आईसीसी अंडर–19 वर्ल्ड कप का आयोजन हो रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज कर चुकी है। इस मुकाबले में भारतीय टीम के आदर्श सिंह अपने बल्लेबाजी के कारण सुर्खियों में हैं। बता दें कि, आदर्श सिंह मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले



हैं। उनके पिता किसान हैं वही बचपन से आदर्श के क्रिकेट को लेकर जुनून को देखते हुए उन्हें शुरुआत से क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट सिखाया। इसके बाद कानपुर जाकर वहां उन्होंने कर्म देवी मेमोरियल एकेडमी में दाखिला लिया और अपने खेल को निखारा भी। वहीं आदर्श का शुरू से ही क्रिकेट में रुझान था, अंडर–14, अंडर 15 और अंडर 16 में उन्होंने धुआंधार प्रदर्शन किया। जिसकी बदौलत वह अडंर 19 की टीम में भी सेलेक्ट हुए। अंडर–16 में वह कप्तान के तौर पर उत्तर प्रदेश की टीम की ओर से खेलते थे। आदर्श का सपना पूरा करने के लिए उनके पिता ने उनका काफी साथ दिया। क्रिकेट के उनके जुनून को देखते हुए उनके पिता और उनके भाई उनको कानपुर लेकर आए थे ताकि वह क्रिकेट सीख सके। यहां पर उन्होंने काफी क्रिकेट सीखा है, वहीं उनके पिता एक किसान और मां हाउसवाइफ हैं। उनके पिता ने बेटे को क्रिकेटर बनाने के लिए अपनी जमीन तक बेच दी। बता दें कि, आदर्श एक मध्यवर्गी परिवार से आते हैं और उनके पिता उनके कारण कानपुर आ गए। कानपुर में वह नौकरी करने लगे, लेकिन कोरोना के दौरान उनकी नौकरी छूट गई। इसके बाद समस्याएं बढ़ती गईं। तब लगा अब बेटा क्रिकेट की फील्ड में कैसे आगे आ पाएगा जिसके बाद आदर्श के पूरे परिवार ने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए पूरा सहयोग किया।

# भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

गुरुवार को भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को



हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाये लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशरू 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण पहले और दूसरे स्पैल के बीच में ब्रेक लेना पड़ा था और टीम प्रबंधन उनके पूरी तरह फिट रहने की दुआ कर रहा होगा। ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा।अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिये रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में हालांकि उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नयी गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

# वीजा मसला सुलझाने के लिये इंग्लैंड लौटे बशीर, स्टोक्स ने जताया दुख

पाकिस्तानी मूल के साकिब महमूद भी 2019 में भारत ए के खिलाफ श्रृंखला के लिये नहीं आ सके थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के प्रबंध निदेशक (परिचालन) स्टुअर्ट हूपर भी जल्दी वीजा दिलाने के लिये यूएई में थे लेकिन वीजा नहीं मिल सका। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने दुख जताया है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये भारत का वीजा मिलने में विलंब हो रहा है जिसकी वजह से उन्हें टीम के अभ्यास केंद्र अबुधाबी से स्वदेश लौटना पड़ रहा है।20 वर्ष के आफ स्पिनर बशीर इंग्लिश काउंटी टीम समरसेट के लिये खेलते हैं। वह अबुधाबी में टीम के साथ थे लेकिन वीजा नहीं मिलने से भारत नहीं जा सके। बशीर पाकिस्तानी मूल के हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छह मैचों में महज दस विकेट लेने वाले बशीर का चयन हैरानी का सबब रहा। वह बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में टीम में जगह बनाने के दावेदार नहीं थे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने यहां चुनिंदा ब्रिटिश मीडिया से कहा ,'' मैं नहीं चाहता था कि इंग्लैंड टेस्ट टीम में उसका पहला अनुभव इस तरह का होगा। वह काफी युवा है और मैं उसके लिये दुखी हूं।'' ाारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बशीर यहां आकर खेल सकेगा। उन्होंने कहा ,'' वह पहली बार यहां आ रहा है।वैसे मैं वीजा दफ्तर में बैठकर फैसले नहीं लेता लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह आकर खेल सकेगा।''पिछले साल आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी ऐसे हालात का सामना करना पड़ा था जब वह टेस्ट श्रृंखला के लिये बाद में आये थे। बशीर को लंदन में भारतीय उच्चायोग से मंजूरी मिलने की उम्मीद है लेकिन इस घटनाक्रम से स्टोक्स चिढ गए हैं। उन्होंने कहा ,'' बतौर कप्तान मुझे हताशा हो रही है। हमने दिसंबर में ही टीम का ऐलान कर दिया था और अब बशीर को वीजा नहीं मिला। इन हालात का सामना करने वाला वह पहला क्रिकेटर नहीं है। मैने ऐसे कई खिलाड़ियों के साथ खेला है जिन्हें ऐसे हालात का सामना करना पड़ा है।'' पाकिस्तानी मूल के साकिब महमूद भी 2019 में भारत ए के खिलाफ श्रृंखला के लिये नहीं आ सके थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के प्रबंध निदेशक (परिचालन) स्टुअर्ट हूपर भी जल्दी वीजा दिलाने के लिये यूएई में थे लेकिन वीजा नहीं मिल सका।

# आस्ट्रेलिया टीम पर कोरोना का हमला, खिलाड़ियों से लेकर कोच एंड्रयू मैकडानल्ड हुए कोविड पाजिटिव

ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट सीरीज से पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दूसरा टेस्ट मैच 25 जनवरी से ब्रिसबेन में खेला जाएगा। ट्रेविस हेड भी कोरोना की चपेट में आ गए थे लेकिन वह इससे ठीक हो चुके हैं।ऑस्ट्रेलियाई टीम में कोरोना का हमला हुआ है। जिसके बाद टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड और ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट सीरीज से पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। दूसरा टेस्ट मैच 25 जनवरी से ब्रिसबेन में खेला जाएगा। ट्रेविस हेड भी कोरोना की चपेट में आ गए थे लेकिन वह इससे ठीक हो चुके हैं। वहीं कैमरून ग्रीन और एंड्रयू मैकडोनाल्ड को कोविड19 टेस्ट नेगेटिव आने तक स्क्वॉड से अलग कर दिया गया है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के हवाले से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान



में कहा कि, इससे सीए प्रोटोकॉल के अनुरूप ग्रीन के भाग लेने या मैकडॉनल्ड के मैच में भाग लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बीच बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को सभी कन्कशन प्रोटोकॉल पास करने के बाद दूसरा टेस्ट मैच खेलने की परमिशन मिल गई है।

# बाडी बनाने के चक्कर में न करें ये गलतियां, जानें जिम जानें की सही उम्र क्या है ?

आज के युग में बहुत जल्दी जिम जाना शुरू



लाइफस्टाइल बहुत तेजी से बदल रही है. युवा पीढ़ी में खासकर फिट और अच्छी बॉडी पाने का क्रेज दिखाई दे रहा है. लड़के जिम में जाकर बॉडीबिल्डिंग और सिक्स पैक एब्स बनाने में लगे रहते हैं. वहीं लड़कियां भी जीरो फिगर और स्लिम बॉडी पाने के लिए भारी वर्कआउट करती हैं. ऐसे में बॉडी बनाने के चक्कर में कर देते हैं, जोकि एक गलती हो सकती है. एक्सपर्ट के अनुसार कम उम्र में जिम शुरू करना हेल्थ के लिए काफी नुकसानदायक है. आइए जानते हैं कैसे ?जानें कम उम्र जिम क्यों नहीं करनी चाहिएशरीर का विकास और मजबूती पाने के लिए व्यायाम और एक्सरसाइज बहुत जरूरी हैं. लेकिन एक्सपर्ट का कहना है कि 15–17 साल की उम्र यानी किशोरावस्था में बहुत भारी–भरकम वर्कआउट नहीं करना चाहिए. इस उम्र में शरीर और मांसपेशियों का विकास अभी पूरा नहीं हुआ होता है. इसलिए भारी वजनों से वर्कआउट कराने पर मांसपेशियों और हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है. 18–20 साल की उम्र के बाद ही तेज वर्कआउट करने की सलाह दी जाती है.जिम नहीं खेल–कूद पर दें ध्यानबचपन में शरीर का विकास होता है और हड्डियां मजबूत होती हैं. इस समय बच्चों को प्राकृतिक रूप से खेलना–कूदना चाहिए.घर के बाहर दोस्तों के साथ क्रिकेट, फुटबॉल जैसे खेल खेलें.पार्क में दौड़ें, कूदें, चढ़ाई करें. ये सब शारीरिक गतिविधियां युवाओं के लिए बेहद लाभदायक होती हैं. लेकिन 14–15 साल की उम्र मे बच्चों को जिम भेजना सही नहीं है. जिम की भारी एक्सरसाइज से बच्चों की मांसपेशियों में चोट लग सकती है. जोकि विकास के लिए सही नहीं है. कम उम्र में लड़का हो या लड़की सभी के लिए सबसे अच्छा व्यायाम है – योग और साइकिल चलाना. योग से शरीर की लचीलापन बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है. साइकिलिंग से मांसपेशियां मजबूत होंगी और कार्डियोवैस्कुलर फिटनेस बढ़ेगी।. तैराकी भी एक बहुत ही अच्छा विकल्प है. किस उम्र में जिम ज्वाइंन कर सकते हैं? एक्सपर्ट की सलाह है कि कम से कम 18–20 साल की उम्र तक इंतजार करें. क्योंकि इस उम्र तक शरीर का विकास पूरा हो चुका होता है. इससे पहले गंभीर वर्कआउट करने पर मांसपेशियों और हड्डियों को नुकसान पहुंच सकता है. 18 की उम्र के बाद जिम ज्वाइन करके फिटनेस लेवल बढ़ाया जा सकता है.

# क्या आपको भी दिन भर चीटियां काटने जैसा दर्द महसूस होता है ? अगर हां, तो हो सकती हैं ये 5 बीमारियां

हाथ पैरों में सुन्नाहट या झनझनाहट होना आम बात है. कभी कभी देर तक एक ही



पोस्चर में बैठे रहने के कारण भी हाथ पैरों में झुरझुरी या क्रेंप आ जाता है. कई लोगों के हाथ पैरों में चींटी काटने जैसा दर्द और झन्नाहट होती है. ऐसा दिन में कई बार होता है और कभी कभी हाथ पैरों के साथ साथ सिर में भी ऐसा ही एक्सपीरिएंस होता है. अगर आपके साथ भी अक्सर ऐसा होने लगा है तो इसे नजरंदाज करने की बजाय इसके पीछे की वजह जाननी जरूरी है. हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि हाथ पैरों में चींटी काटने जैसी झनझनाहट के पीछे कुछ गंभीर परेशानियों के लक्षण हो सकते हैं. चलिए जानते हैं इनके बारे में.हाथ पैरों में क्यों लगता है काट रही हैं चीटियां' हाथ पैरों में चींटी काटने जैसी झनझनाहट पैदा होने का संकेत डायबिटीज हो सकता है. दरअसल जब शुगर मरीज की बॉडी में ब्लड शुगर का स्तर बढ़ता है तो हाथ पैरों में दर्द होने लगता है और झनझनाहट पैदा होने लगती है. ऐसा लगता है जैसे कई सारी चींटियां काट रही है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ब्लड शुगर बढने पर नसों को नुकसान होता है और हाथ पैर सुन्न पड़ जाते हैं. इसलिए अगर आपके साथ ऐसी परेशानी हो रही है तो आपको अपना ब्लड शुगर चौक करवाना चाहिए.' हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि शरीर में कुछ विटामिनों की कमी के चलते भी ऐसा एक्सपीरिएंस हो सकता है. इन विटामिनों में विटामिन बी 12 और विटामिन ई शामिल है. विटामिन ई की कमी से त्वचा में झुरझुरी पैदा होने लगती है.' इसके अलावा थॉयराइड की परेशानी में भी हाथ पैरों में झुनझुनाहट होना आम बात है. जब शरीर में थॉयराइड हार्मोन का इनबैलेंस होता है तो हाथ पैर सुन्न हो जाते हैं और झुरझरी होने लगती है.' आपको बता दें कि कई दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी हाथ पैरों में सुन्नाहट और झनझनाहट होती है. कैंसर के दौरान कीमोथैरेपी करवाने के बाद हाई बीपी, बुखार और के बाद दी जाने वाली दवाओं के चलते भी

हाथ पैरों में ऐसा अनुभव होता है. ' इसके साथ साथ शरीर में एक गंभीर बीमारी के रूप में अगर ट्यूमर पैदा हो रहा है तो इसका संकेत भी हाथ पैरों की झनझनाहट से मिलता है. ट्यूमर को आमतौर पर कैंसर जैसी बीमारी की शुरूआत माना जाता है. ऐसे में बॉडी की इम्यूनिटी कमजोर होती है और हाथ पैरों की नसें कमजोर होने के कारण शरीर में झनझनाहट होती है. ऐसे में अगर आपको बार बार ये समस्या हो रही है तो तुरंत डॉक्टरी जांच करवानी चाहिए.

# जल जागरुकता संकल्प रथ को सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे जल जीवन मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में जनपद के समस्त विकास खंडों में संचालित होने वाले जल जागरुकता संकल्प रथ को सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने हरी झंडी दिखा करके विकास खंड सलेमपुर परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि आम जनमानस के लिए जल महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके अंतर्गत सभी आम जन मानस को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। मानव जीवन में जल का बहुत महत्व है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा अच्छा जल उपलब्ध हो जाने से लोगों में होने वाली बहुत सी बीमारियां स्वतःही समाप्त हो जाएगी और लोगों का जीवन बेहतर होगा।




सलेमपुर एसडीएम श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। सलेमपुर तहसीलदार अलका सिंह ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित करके ही हम भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ा सकते हैं। खंड विकास अधिकारी आनंद प्रकाश ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को सस्ते कीमत पर सुगमता पूर्ण तरीके से 55 लीटर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा।

सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल चौबे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों के व्यवहार में परिवर्तन आएगा और वह जल को संरक्षित करने के साथ–साथ जल के दुरुपयोग को रोकने में भी मददगार साबित होंगे। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण राकेश यादव स्वच्छ भारत मिशन के खंड प्रेरक रविशंकर मिश्रा,वीरेंद्र पांडे, अशोक पांडे,अजय दूबे वत्स,शंभू नाथ दुबे, अजीत तिवारी, रेनू यादव ,दिव्य प्रकाश, दुर्गेश गिरी, वेद प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मध्य फरवरी तक रहेगी कड़ाके की ठंड

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी हाल फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। बीच–बीच में तापमान में गिरावट या वृद्धि भले होती रहे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सर्दी जा रही है। ठिठुरन भरी ठंड इस बार फरवरी के मध्य तक रह सकती है।अबकी बार बदला हुआ है मौसम का पैटर्न विज्ञानियों के अनुसार, मजबूत पश्चिमी विक्षोभों के आने से अबकी बार मौसम का पैटर्न थोड़ा बदला हुआ है। हवाएं मंद चल रही हैं, नमी 90 प्रतिशत तक बनी हुई है। बरसात भी नहीं हो रही। इसके चलते दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में मध्यम से घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। बादल भी निचले स्तर पर बन रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से सूरज का ताप ढंग से धरती तक नहीं पहुंच पा रहा और कभी शीत दिवस (कोल्ड डे) तो कभी शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञानी बताते हैं कि इस स्थिति में अभी आगामी कुछ दिनों में भी बदलाव के संकेत नहीं हैं। इसके विपरीत 26 जनवरी के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। मैदानी क्षेत्रों में इसका सीधा असर तो नहीं होगा, लेकिन पहाड़ों पर बर्फबारी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी हवाओं के जरिये इस बर्फबारी की ठंडक फिर समूचे उत्तर भारत को कंपकंपा सकती है। 30–31 जनवरी को फिर एक और पश्चिमी विक्षोभ आने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अनुमान है कि इन परिस्थितियों के चलते ठिठुरन भरी ठंड का असर मध्य फरवरी तक भी बना रह सकता है। अगर कोल्ड डे अथवा शीतलहर वाली स्थिति फिर से बन जाए तो भी अतिश्योक्ति नहीं।

# पुलिस को देख प्रेमी ने प्रेमिका के घर लगाया फांसी

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले के खुखुन्दू थाना क्षेत्र का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहाँ एक प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को महंगा पड़ गया जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है की प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया और उसके कमरे में ऊपर छज्जा पर चढ़कर छिप कर बैठ गया इस दौरान कोचिंग पढ़ने जा रहे प्रेमिका के भाई की नजर पड़ी तो उसने धीरे से बाहर से दरवाजा पर ताला लगा दिया इस दौरान प्रेमिका कमरे के भीतर नही जा सकी थी और च्प्ट 112 को सूचना दे दी जिस पर पुलिस मौके पर पहुची, यह जान प्रेमी अंदर से दरवाजा बंद कर पंखे से फंदा लगाकर झूल गया, वही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नही खुला जिसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ फंदे से लटक रहे प्रेमी को आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया। दरअसल बताया जा रहा है की थाना खुखुंदु क्षेत्र के एक गांव में एक युवक और युवती का प्रेम प्रसंग लगभग डेढ़ वर्षों से चल रहा था बताया जा रहा है कि प्रेमी युगल को पहले भी कई बार लड़की के घरवालों ने पकड़ा था और हिदायत देने के बाद छोड़ दिया था लेकिन यह दोनों आपस में चोरी छिपे मिलते रहे, मंगलवार को लड़की के माता – पिता किसी काम से बाहर निकले और जैसे ही इसकी भनक प्रेमी को लगी तो वह प्रेमिका के घर जा पहुंचा और लड़की की जानकारी में कमरे के अंदर दाखिल होकर छज्जे पर चढ़कर छिप कर बैठ गया। इस दौरान लड़की के भाई कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकल रहे थे और कमरे में कुछ समान लेने गए तो उन्हें आभास हुआ और कमरे से बाहर निकलकर तुरंत ताला बंद कर दिया और 112 को सूचना देकर मौके पर बुला लिया लड़की पहले तो चुप रही बाद में शोर करने लगी इस दौरान प्रेमी अंदर से दरवाजा बंद कर लड़की के दुपट्टे से पंखे के कुंडी में फंदा लगाकर झूल गया पुलिस दरवाजा का ताला खोली तो देखी की अंदर से भी दरवाजा बंद था। आनन फानन में दरवाजा तोड़ा गया अंदर देखा कि लड़का फंदे से लटका तड़प रहा था जल्दी–जल्दी उसे उतारा और मेडिकल कालेज के इमरजेंसी पहुचाया तब जाकर उसकी जान बच सकी दुसरी तरफ फंदे से झूलने की सूचना पर लड़के के पक्ष के बड़ी संख्या में लोग प्रेमिका के दरवाजे पर पहुंच हंगामा करने लगे सूचना पर खुखुंदू पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की गम्भीरता को देखते हुए दोनों भाईयों को हिरासत में लेकर थाने आयी इस मामले में कोई तहरीर नही मिलने पर दोनों भाईयों को रिहा कर दिया, वही इस मामले में खुखुन्दू थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि इस मामले में फिलहाल कोई तहरीर नही मिली है मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपाइयों ने लोगों में वितरित किया तिरंगा

## गणतन्त्र दिवस के दिन घर पर लगाये तिरंगा- पवन

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन हर घर,हर प्रतिष्ठान पर तिरंगा लहरे इसी जागरूकता के लिये भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन रोड़ पर ठेला लगाने वालों के बीच तिरंगा वितरित किया और आग्रह किया कि गणतंत्र दिवस के दिन सभी लोग अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा अवश्य लगाये। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। यह न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल्यों का सम्मान करने का भी दिन है।नरेंद्र मोदी सरकार में भारत का गणतंत्र और समृद्ध हुआ है।गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है,यह पर्व पूरे उल्लास के साथ मने इसलिये हम सभी लोगो के बीच तिरंगा वितरित कर रहे है। भाजपा नेता रामदास मिश्रा ने कहा कि देश का गणतंत्र विभिन्न धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देता है।इसी से प्रेरित होकर भाजपा की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है।गांव,गरीब,किसान,नौजवान,महिलाएं सभी के लिये योजनाये चला रही है। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय,सूरज पटेल,गोपाल दूबे,संदेश शर्मा,नवीन सिंह,दीपू राय,सतेंद्र पाण्डेय,भीम यादव,शशांक चौबे,मुकेश मद्धेशिया आदि रहे।



# धूमधाम से मनाया गया प्रदेश का 75वां स्थापना दिवस

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे उत्तर प्रदेश के 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जीआईसी में भव्य प्रदर्शनी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने समस्त जनपद वासियों को प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 24 जनवरी 1950 को प्रदेश का नामकरण उत्तर प्रदेश किया गया था। वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से इस दिन को यूपी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश असीमित संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में प्राकृतिक संसाधन पर्याप्त मात्रा में है। पर्यटन की दृष्टि से अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, नैमशारण्य जैसे धार्मिक स्थल हैं। कुशीनगर एवं सारनाथ भी यहीं हैं। दुधवा नेशनल पार्क इको टूरिज्म के लिहाज से महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने प्रदेश के मेधा की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में उत्तर प्रदेश के भागीदारी सर्वाधिक रहती है। चंद्रयान की कामयाबी में भी प्रदेश की महिला वैज्ञानिकों का बड़ा हाथ है। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश कई क्षेत्रों में देश का अग्रणी राज्य है। इससे पूर्व जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। जीआईसी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकार अंटू तिवारी एंड कंपनी ने संगीतात्मक प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत यूपी नंबर वन लोगों द्वारा सराहा गया। मारवाड़ी इंटर कॉलेज की छात्राओं, प्राथमिक विद्यालय फुलवरिया लक्ष्मी के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टालों का निरीक्षण किया। मंच का संचालन डीपीओ कृष्णकांत राय ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा , डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय, उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह, युवा कल्याण अधिकारी नीतीश राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर सहित, उद्यमी संजीव अरोड़ा, जेपी जायसवाल सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी व आम नागरिक उपस्थित थे।

### विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। राजपति, राधिका गौड़, गुड़िया मद्धेशिया एवं पूनम को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूल किट दिया गया। नसीम अहमद, हरिशचंद्र गुप्ता, मुख्तार, विजय लाल श्रीवास्तव, शंभू गुप्ता, रमाशंकर, नगीना, मोती चंद्र, रामकेला, शिवलोचन व सावित्री को वृद्धावस्था पेंशन का स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उज्ज्वला योजना अंतर्गत गायत्री पांडेय, बीना देवी, सुजाता खरवार, चंदा देवी, गुड्डी देवी, मौला देवी आदि को गैस कनेक्शन दिया गया। युवा कल्याण विभाग द्वारा विवेकानंद यूथ अवार्ड से उत्कर्ष मिश्रा व सुमिति सिंह को सम्मानित किया गया। शिवम यादव, अशोक कश्यप, विनोद गुप्ता, दीपक कुमार तिवारी एवं धर्मेंद्र को विभिन्न बैंकों द्वारा दिए गए ऋण का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत धनौती देवी, ममता देवी, सविता देवी, सरिता, पूनम देवी व सुमन निषाद को पीएम आवास का प्रतीकात्मक चाबी देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

## प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को डीएम ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय परंपरा में मातृ शक्ति का हमेशा से सम्मान रहा है। मां दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती का सामर्थ्य हर बेटी में हैं। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए ताकि सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बेटियों को सबल बनाने जोर देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बालिकाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है।




इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में इंदिरा गाँधी बालिका इंटर कालेज की छात्रा सोनाली बारी को प्रथम पुरस्कार, कस्तूरबा गाँधी बालिका इंटर कालेज की छात्रा शैली प्रजापति को दूसरा पुरस्कार और प्रिंसि जायसवाल को तीसरा पुरस्कार दिया गया। निबंध प्रतियोगिता में इंदिरा गाँधी बालिका इंटर कालेज की छात्रा रिया सिंह को प्रथम पुरस्कार, महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कालेज की छात्रा रुखसाना खातून को दूसरा और कस्तूरबा गाँधी बालिका इंटर कालेज की छात्रा काजल विश्वकर्मा को तीसरा पुरस्कार दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज की छात्रा शालिनी सिंह को प्रथम, कस्तूरबा बालिका इंटर कालेज की छात्रा पलक मणि को दूसरा और महाराजा बालिका इंटर कालेज की छात्राप्रिया चौबे को तीसरा पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, नोडल अधिकारी कार्तिकेय पाण्डेय, हेमनारायण पाण्डेय, विश्वनाथ मल्ल सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं मौजूद रहीं।

# धूमधाम से मना उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

संवाददाता। हमीरपुर । उत्तर प्रदेश न केवल एक भौगोलिक इकाई है, बल्कि अपनी सामासिक संस्कृति के कारण सम्पूर्ण भारत में एक विशिष्ट स्थान रखता है, 24 जनवरी 1950 संयुक्त प्रान्त से उत्तर प्रदेश बनने तक एक लम्बी यात्रा इस प्रदेश ने तय की है, यहां की राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां तो रहीं है, साथ ही साथ इस प्रदेश ने सम्पूर्ण भारत के समक्ष अपने गंगा जमुनी तहजीब के कारण एक नई मिशाल भी पैदा की है। राम कृष्ण का जन्म इसी पावन भूमि पर हुआ, बुद्ध ने इसी भूमि को अपनी कर्म स्थलीय बनाया, कबीर, सूर, तुलसी, जैसी कवियों के सन्तवाणियां से यह भूमि ओतप्रोत रहीं है। आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसीक्रम में जनपद हमीरपुर में भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम चौरादेवी प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसका विधायक सदर डा. मनोज प्रजापति, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसके मुख्य अतिथि मंत्री जलशक्ति सिंचाई एवं जलसंशाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास लद्यु सिंचाई नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 स्वतंत्र देव सिंह एवं अतिथिगण सत्यजीत मिश्रा, संयुक्त सचिव, पार्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार नोडल अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा, राज्य सभा सदस्य बाबूराम निषाद, विधायिका राठ मनीषा अनुरागी, अध्यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत, अध्यक्ष नगर पलिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों द्वारा दी गयी तथा मुख्य अतिथि द्वारा सरकार द्वारा अच्छादित योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों प्रधानमंत्री आवास शहरी से क्षमा प्रजापति, बुधिया, कुसुमकली, नीलम, अनीता, रजनी, दिलीप, जितेन्द्र, कालका व शिवकुमार स्वनिधि योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को सम्मानित किया तथा जाति, धर्म, वर्ग सम्प्रदाय से ऊपर उठकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को साथ देने की अपील की तथा प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों ने अपने–अपने स्टाल लगाये, जहां पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन और उनके क्रियान्वयन को प्रर्दशित किया गया। कृषि विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, जिला प्रोबेशन, समाज कल्याण इत्यादि की प्रर्दशनियां उल्लेखनीय रहीं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्रनाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी समाजसेवी गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रयोगात्मक परीक्षायें 27 से

संवाददाता। हमीरपुर । सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कांलेज हमीरपुर में इण्टरमीडिएट की (भौतिक एवं रसायन विज्ञान) प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथियां घोषित। इण्टरमीडिएट के समस्त छात्रो को सूचित किया जाता है कि 27 जनवरी को बोर्ड परीक्षा के आन्तरिक प्रयोगात्मक परीक्षायें भौतिक एवं रसायन विज्ञान की करायी जायेगी तथा 28 जनवरी को रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षायें होगी और 29 जनवरी को भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। अतः सभी छात्र उक्त तिथियो में चार्ट फाइल आदि सामग्री साथ लेकर विद्यालय समय मे उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने दी।

# दो घटनाओं में तीन घायल

संवाददाता। सुमेरपुर–हमीरपुर । अलग–अलग मार्गो में हुई दो मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना दोपहर में नरायनपुर गांव में हुई यहां तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवार युवक सुमित विश्वकर्मा 20 वर्ष को हाईवे में चढ़ते समय टक्कर मार दी। इस घटना में सुमित की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसके पैरों में चोट लगी है।

# अखिल भारतीय ढोमर वैश्य समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित

संवाददाता।

मुस्करा–हमीरपुर अखिल भारतीय दृढोमर वैश्य समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन बैजनाथ विद्यालय मुस्करा में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में दृढ़ोमर वैश्य समाज के युवा प्रकोष्ठ के वर्ष 2024 के लिए मनोनीत राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण भी कराया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मयंक गुप्ता राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शपथ ग्रहण कराई। सम्मेलन में प्रमुख रूप से आकर्षण का केंद्र विवाह हेतु युवक एवं युवतियों का परिचय सम्मेलन रहा। जिसमें अविवाहित युवक एवं युवतियो ने स्वयं मंच पर जाकर अपना पूरा परिचय दिया बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बहुत से शादी विवाह के संबंध बिना मेहनत के बिना खोज किये सम्मेलन में ही तय हो जाते हैं। उक्त कार्यक्रम में पत्रकारों के साथ सम्मानित विशिष्ट लोगों का भी सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम में दृढ़ोमर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अन्य पदाधिकारी योगेंद्र गुप्ता, कामेश गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि ने सम्मेलन को संबोधित किया तथा दृढ़ोमर वैश्य समाज की एकता पर बल दिया। इस अवसर पर युवा इकाई मुस्करा का गठन करते हुए नितिन गुप्ता को अध्यक्ष, ओम प्रकाश गुप्ता महामंत्री, आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष व तरुण गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में हर्ष गुप्ता, भास्कर गुप्ता, श्याम सुंदर, शिवम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, आयुष गुप्ता, यश गुप्ता को भी मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन राष्ट्रीय मंत्री अनिरुद्ध गुप्ता के साथ मुकेश गुप्ता ने किया। पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था के रूप में बाबूलाल गुप्ता, गया प्रसाद गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, डाक्टर सुरेंद्र गुप्ता, शिवराम गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, आनंद स्वरूप गुप्ता, नितिन गुप्ता आदि के साथ नगर अध्यक्ष विज्ञान गुप्ता मौजूद रहे। इन सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बाहर से आए पदाधिकारी का स्वागत किया गया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।